### एक नजर में

## बुजुर्ग और उपशमन देखभाल स्वास्थ्य सेवाएं शिविर



**मंदसौर।** शासकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय अभिनंदन नगर में आज, वृद्ध वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में भगवान धन्वंतरि को माल्यार्पण कर बुजुर्गों की उपशमन देखभाल के लिए सिर्फ आत्मीयता की आवश्यकता होती है, साधन संपन्नता आर्थिक रूप से प्रबल वृद्ध जन हो सकते हैं, लेकिन मानसिक सुख व कोई हमारी बात अपनेपन से सुने, जिससे वह अपने दिल की बात कह पाए, ऐसा आवश्यक होता है, इस बात की कमी वृद्धाजन को खलती है।इसी विषय पर आज बुजुर्ग और उपशामक देखभाल स्वास्थ्य सेवाएं शिविर का आयोजन किया गया, यह सम्पूर्ण म.प्र. में सभी स्वास्थ्य केंद्रों/संजीवनी क्लिनिक/आयुष्मान आरोग्य मन्दिर पर मनाया गया।शिविर में शासकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय अभिनंदन नगर के आयुर्वेदाचार्य डॉक्टर मनोहर शर्मा ने अपने भावात्मक एवं सारगर्भित विचार प्रकट कर बुजुर्गों को अपना होने का एहसास दिलाया साधारण लेकिन आत्मीयता के साथ वृद्ध जनों के साथ विचार विमर्श किया गया साथ ही वृद्धावस्था में स्वास्थ्य समस्याओं पर भी जानकारी दी गई। वयोवृद्ध एवं वरिष्ठ नागरिक जन – जगदीशचन्द्र शर्मा, रामचन्द्र भावसार, के.एल. विजयवर्गीय, संतोष परसाई (वरिष्ठ पत्रकार एवं एडवोकेट एवं आर्टिस्ट), प्रकाश जैन, जाकिर हुसैन सर, अरविन्द द्विवेदी, राजेश पाण्डेय जी, श्रीमती लीला देवी शर्मा, श्रीमती सुशीला देवी भावसार। इस अवसर पर औषधालयीन कर्मचारीगण डॉ.मनोहर शर्मा (आयुर्वेद चिकित्सक) श्रीमती रीना गेहलोत(योग प्रशिक्षक) उपस्थिति रहे। आभार श्रीमती अनीता सोलंकी कंपाउंडर ने व्यक्त किया।

## शासकीय आईटीआई मंदसौर में 15 जुलाई को होगा युवा संगम का आयोजन

**मंदसौर।** सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन द्वारा बताया गया कि शासकीय आईटीआई मंदसौर में 15 जुलाई प्रातः 10:30 बजे युवा संगम का आयोजन किया जाएगा।अधिक से अधिक युवा ''युवा संगम'' का लाभ उठाएं।योग्यता अनुसार रोजगार प्राप्त करे।

## जिले में अब तक औसत 357.3 मि.मी. वर्षा दर्ज

**नीमच।** जिले में चालू वर्षाकाल में अब तक औसत 357.3 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।जबकि गत वर्ष इस अवधि में औसत 215.3मि.मी. वर्षा दर्ज की गई थी। अधीक्षक भू अभिलेख नीमच से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में एक जुन से इस वर्ष अब तक नीमच में 330.5 मि.मी., जावद में 413 मि.मी., सिंगोली में 458 मि.मी. एवं मनासा में 228 मि.मी.वर्षा दर्ज की गई हैं। जबकि गत वर्ष इस अवधि में नीमच में 198 मि.मी.जावद में 238 मि.मी.एवं मनासा में 210 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई हैं। जिले में 14 जुलाई 2025 को प्रातः 8 बजे तक पिछले 24 घंटे में औसत 9.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।पिछले 24 घंटे में नीमच में 20 जावद में 3 एवं मनासा में 5 मि.मी व सिंगोली में 9 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई हैं।

## राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए कर सकते हैं आवेदन

**नीमच।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार –2025 के लिए आवेदन की प्रक्रिया जारी है।पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।यह प्रति वर्ष उन बच्चों को दिया जाता है जो बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण तथा कला और संस्कृति के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर नाम करते हैं।

# भगवान के सामने प्रकट होने पर वरदान में कुछ नहीं केवल उनकी भक्ति ही मांगों : डॉ. नारायणानंद गिरी

नवभारत न्यूज

**मंदसौर।** श्री केशव सत्संग भवन खानपुरा में चातुर्मास कर रहे वृन्दावन के संत डॉ. नारायणनंदगिरी ने श्रीमद् भगवद् गीता पर विवेचनात्मक प्रवचन करते हुए कहा कि मनुशतरूपा द्वारा भगवान के दर्शन की अभिलाषा से कई वर्षों तक कठोर तपस्या करने के बाद भगवान ने प्रकट होकर जब दोनों से वरदान मांगने को कहा तो मनु महाराज ने भगवान से भगवान को पुत्र रूप में अपने यहां जन्म लेने का वरदान मांगा और एक साधारण पिता की तरह प्रेम-मोह करने का वरदान मांगा परन्तु जब शतरूपा से वरदान मांगने को कहा तो शतरूपा ने कहा जब चतुर नृप मनु ने आपको आपके समान पुत्र रूप में जन्म लेने का वरदान मांगा तो यह निश्चित है कि आपको हमारे यहां आना ही पड़ेगा परन्तु आपका मेरे पुत्र रूप प्रकट होने के बाद भी मैं आपको साधारण शिशु पुत्र की तरह समझकर प्रेम मोह नहीं करू बल्कि साक्षत परब्रह्म पुरूषोत्तम समझकर ही आपसे संबंध रखूं और भगवान ने भी ऐसा ही वरदान दिया। दशरथ ने अपनी भौतिक इच्छा पुत्र प्राप्ति चाहे वह भगवान रूप में ही क्यों न हो वरदान में चाहा परन्तु शतरूपा में पुत्र होने के बावजूद भगवान को भगवान रूप में संबंध रखना चाहा। जिसका परिणाम यह हुआ कि भगवान को भगवान रूप में संबंध नहीं रखने से राम के 14 वर्ष के लिये वनगमन पर मोह में पढ़कर मनु ने पुत्र बिछोह में दशरथ ने प्राण त्याग दिये जबकि दशरथ की भार्या कौशल्या ने प्राण त्यागने के बजाय 14 वर्ष तक भगवान की प्रतिक्षा करती रही और रावण वध के पश्चात् सीता भ्रता सहित अयोध्या लौटने पर पुनः भगवान राम से मिलन हो गया। गीता में सत्व रज और तमोगुण का उपदेश है। जहां तक रजो और तमो गुण में संलग्न रह इन दोनों के अधीन होकर निषिद्ध कर्म करते हुए शरीर त्यागता है। मरणोपरांत नरक की प्राप्ति होती है



उपस्थित रहे– श्री केशव सत्संग भवन खानपुरा ट्रस्ट अध्यक्ष जगदीशचन्द्र सेठिया, सचिव कारूलाल सोनी, उपाध्यक्ष राधेश्याम गर्ग, जयप्रकाश गर्ग, सहसचिव प्रवीण देवड़ा, न्यासीगण बंशीलाल टांक, प्रहलाद काबरा, जगदीशचन्द्र गर्ग, संतोष जोशी, जगदीशचन्द्र भावसार, महेश गर्ग अजय मित्तल, राजेश तिवारी आदि।

## जिले में अब तक 235.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**मंदसौर।** जिले में इस वर्ष अब तक औसतन 235.5 मि.मी. वर्षा दर्ज की गयी है।जब कि पिछले 24 घन्टों में मंदसौर जिले में 13.1 मिमी वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घन्टों में मंदसौर में 32.0 मि.मी., सीतामऊ में 26.2 मि.मी., सुवासरा में 10.2 मि.मी., गरोठ में 3.4 मि.मी., भानपुरा में 15.6 मि.मी., मल्हारगढ़ मे 2.0 मि.मी., धुधंड़का में 17.0 मि.मी., शामगढ़ में 14.0 मि.मी., संजीत में 2.0 मि.मी., कयामपुर में 2.0 मि.मी. एवं भावगढ़ में 20.0 मि.मी वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है।विगत 1 जून से अब तक वर्षा मापक केन्द्र मंदसौर में 350.0 मि.मी., सीतामऊ में 175.4 मि.मी. सुवासरा में 151.6 मि.मी., गरोठ में 185.0 मि.मी., भानपुरा में 453.0 मि.मी., मल्हारगढ़ मे 114.0 मि.मी., धुधंड़का में 222.0 मि.मी., शामगढ़ में 249.0 मि.मी., संजीत में 206.0 मि.मी., कयामपुर में 129.9 मि.मी. एवं भावगढ़ में 355.0 वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। गांधीसागर बांध का जल स्तर अब तक 1289.60 फीट है।



## सकल जैन समाज महिला प्रकोष्ठ ने किया 100 से अधिक पौधों का रोपण

**मंदसौर। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में जागरूकता फैलाने और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से सकल जैन समाज महिला प्रकोष्ठ द्वारा सोमवार को एक प्रेरणादायक वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत 100 से अधिक छायादार व फलदार पौधे लगाए गए।**

कार्यक्रम का शुभारंभ महिला प्रकोष्ठ की पूर्व महामंत्री रश्मि संगई द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि एक वृक्ष, सौ सुख की भावना को आत्मसात करते हुए यह आयोजन केवल पौधारोपण तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि लगाए गए पौधों की नियमित देखरेख और संरक्षण की जिम्मेदारी भी प्रकोष्ठ की सदस्यों द्वारा व्यक्तिगत रूप से निभाई जाएगी।

प्रकोष्ठ की महामंत्री सारिका बाकलीवाल, शिक्षा मंत्री स्मिता कोठारी, प्रवक्ता अनिता धींग, सहमंत्री नम्रता मित्तल, सदस्य हेमा हिंगड़, किरण भामावत, वीनू कीमती, रचना डोसी सहित अन्य महिलाओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया। महिला प्रकोष्ठ की इस पहल को नगरवासियों द्वारा भी सराहा गया। आयोजन ने यह साबित किया कि संगठित प्रयासों से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है।

## 100 से अधिक घायलों की जान बचा चुके हैं अर्जुन गेहलोत

**सीतामऊ। विश्व हिंदू परिषद के विभाग संगठन मंत्री अर्जुन गेहलोत ने एक बार फिर मानवता की मिसाल पेश करते हुए सड़क दुर्घटना में घायल तीन लोगों को समय पर अस्पताल पहुंचाकर उनकी जान बचाई। यह पहला मौका नहीं है, जब उन्होंने ऐसा कार्य किया हो — अब तक वे 100 से अधिक घायलों को अस्पताल पहुंचाकर सेवा और समर्पण का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत कर चुके हैं।** सीतामऊ से करीब 7 किलोमीटर दूर मूवाला स्थित देवनारायण मंदिर के पास सोमवार को दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें बाबूलाल



राठौड़ (उम्र 70 वर्ष), निवासी बिल्लौद शंभूलाल राठौड़ (उम्र 75 वर्ष), निवासी क्यांपुर जीवन धनगर (उम्र 21 वर्ष), निवासी मुंडला शामिल हैं।घटना के समय अर्जुन गेहलोत उसी मार्ग से गुजर रहे थे। घायलों को देखकर उन्होंने तुरंत अपने निजी वाहन से तीनों घायलों को शासकीय अस्पताल सीतामऊ पहुंचाया।

**एक नजर** | **मंदसौर में दस्तक अभियान की तैयारी हेतु जिला टास्क फोर्स की बैठक संपन्न**

# 22 जुलाई से 16 सितंबर तक चलेगा दस्तक अभियान

**मंदसौर। स्टॉप डायरिया अभियान और सह-दस्तक अभियान (22 जुलाई 2025 से 16 सितंबर 2025) की तैयारियों को लेकर सुशासन भवन मंदसौर में जिला टास्क फोर्स की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग ने की, जिसमें कुपोषण मुक्ति, मातृ-शिशु स्वास्थ्य और दस्तक अभियान के सफल क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा हुई।**

बैठक में सहयोगी विभागों से प्राप्त अपेक्षाओं पर गहन विचार-विमर्श किया गया, साथ ही स्वास्थ्य विभाग को दस्तक अभियान के तहत आवंटित लक्ष्यों की विकासखंडवार समीक्षा भी की गई। कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने दस्तक अभियान के सभी सूचकांकों में शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने के सख्त निर्देश दिए, ताकि कोई भी बच्चा स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित न रहे।



पोषण पुनर्वास केंद्र (हत्रष्ट) की बेड आक्यूपेंसी की स्थिति की भी समीक्षा की गई। समस्त सीडीपीओ (बाल विकास परियोजना अधिकारी) को निर्देशित किया गया कि वे प्रतिदिन प्रत्येक पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती होने वाले और छुट्टी पाने वाले बच्चों के आधार पर 15 बच्चों की वेटिंग लिस्ट तैयार रखें। यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया कि पोषण पुनर्वास केंद्र में एक भी बिस्तर खाली न रहे, ताकि कुपोषित बच्चों को तत्काल उपचार मिल सके।

इसके अतिरिक्त, समस्त ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर को निर्देश दिए गए कि आगामी द्ब्रस्रू दिवस दिनांक 25 जुलाई और 9 अगस्त 2025 को प्रत्येक गर्भवती महिला की कम से कम एक जांच चिकित्सक द्वारा सुनिश्चित की जाए, ताकि गर्भावस्था के दौरान होने वाली जटिलताओं का समय पर पता लगाया जा सके।

## नीमच

### एक नजर में

## महिलाओं के लिए मुफ्त ई-रिक्शा सेवा, लायंस क्लब ने दो ई-रिक्शा किए रवाना, पूरे साल चलेगी सेवा

**नीमच।** नगर में लायंस क्लब प्लेटिनम ने महिलाओं और बालिकाओं के लिए मुफ्त ई-रिक्शा सेवा शुरू की है। सोमवार को विजय टॉकीज चौराहे पर आयोजित कार्यक्रम में दो ई-रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह सेवा पूरे साल चलेगी। इसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बेटियों को सुरक्षित यात्रा सुविधा प्रदान करना है। ई-रिक्शा शहर के किसी भी स्थान से दूसरे स्थान तक महिलाओं को पहुंचाएंगे। शहर के कई इलाकों में सार्वजनिक परिवहन की कमी है। इस कारण महिलाओं को अकेले आने-जाने में असुविधा होती है। यह सेवा इस समस्या का समाधान करेगी। लायंस क्लब प्लेटिनम ने शहरवासियों से इस सेवा का लाभ उठाने और इसे सफल बनाने में सहयोग की अपील की है।



## जावद तहसील की सड़कों का घटिया निर्माण



**नीमच।** लोकनिर्माण विभाग की जावद तहसील में ग्राम गोठा से राजस्थान बॉर्डर तक 800मीटर व ग्राम मेघपुरा से खापरी खेड़ा तक 1.6किलोमीटर अनुमानित का निर्माण कार्य जारी हे जो दिलखुश पाटीदार दुवारा किया जा रहा हे उक्त सडक में पहले अर्थ वर्क करने के बाद पूरी सड़क की चौड़ाई में चार इंची की मोटाई में गिट्टी बिछा कर उसके ऊपर मिट्टी के शोल्डर बनाये जाते है पर इस सडक में ठेकेदार को आर्थिक लाभ पहुंचने के लिए बिना गिट्टी डाले मिट्टी के शोल्डर बना दिये यह रोड कितना मजबूत बनाया जा रहा हे कितना घटिया निर्माण कार्य किया जा रहा हे श्च2स्र के उच्च अधिकारी इसका अवलोकन कर देख सकते हे स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार उक्त सड़क में सब इंजीनियर अशोक पनिका की भूमिका सन्देहप्रद हे इसमें कही न कही ठेकेदार को आर्थिक लाभ पंहुचा कर सड़क निर्माण में भारी भष्टाचार किया जा रहा हे चर्चा में हे उक्त इंजीनियर ने हाल ही में छत्तीसगढ़ में ससुराल में ससुर के नाम से बेश कीमती जगह खरीदी हे इतनी राशि कहा से आये यह जाच का विषय जिसको वरिष्ठ अधिकारी दुवारा जांच होना चाहिए।

इनका कहना हे आप के माध्यम से इन दो सड़को के निर्माण में घटिया निर्माण की जानकरी मिलि हे मेंने अभी ज्वाइन किया हे कल ह्यस्रश्व इंजीनियर के साथ में खुद अवलोकन करुगा सड़क निर्माण कार्यक्रम गुणवत्ता पूर्वक किया जाएगा- अमित नरगिश कार्यपालन यंत्री अभियंता

सड़क का कार्य पूर्णरूप से गुणवंता अनुसार हो रहा हे अगर ठेकेदार ने सही कार्य नही किया तो में देखकर सही निर्माण कार्य करवाऊंगा
– अशोक पनिका सब इंजीनियर

# मन को पवित्र किए बिना शिव भक्ति सफल नहीं होती है : रुद्र देव त्रिपाठी

- 27 दिवसीय शिव महापुराण एवं पार्थिव शिवलिंग पूजन अभिषेक एवं रुद्राक्ष वितरण कार्यक्रम प्रवाहित

नवभारत न्यूज

**नीमच। हम घर परिवार में सभी परिवार जनों के प्रति पवित्र और अच्छे भाव रखें किसी के भी प्रति मन में खारा भाव नहीं रखें चाहे हम खारा नमक खा ले लेकिन दूसरों के प्रति पुण्य परमार्थ का भाव रखें।** मन को पवित्र किए बिना शिव भक्ति सफल नहीं होती है। कभी उसे घर परिवार में मंगल आते हैं ,मंगल बुद्धि का परिचय एक है।यह बात गुरुदेव रुद्रदेव त्रिपाठी (जावद वाले) ने कहीं।

वे श्री हरि सत्संग मंडल एवं भक्तगण के तत्वाधान में गोमाबाई रोड स्थित लायन्स डेन सभागार में 11 जुलाई से 6 अगस्त तक आयोजित 27 दिवसीय संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा एवं पर्वतीय शिवलिंग पूजन अभिषेक एवं रुद्राक्ष वितरण कार्यक्रम में बोल रहे थे उन्होंने कहा कि और यदि मनुष्य के जीवन में बुद्धि अच्छी हो तो गुरु अपने द्वारा स्वयं चलकर आते हैं। यदि हम ब्रह्मचर्य का पालन पवित्रता के साथ करें तो शुक्र ग्रह की रक्षा स्वयं होती है। निस्वार्थ भाव से सेवा करें तो भोले बाबा हमेशा साथ रहते हैं।

कलयुग में पार्थिव शिवलिंग का पूजन श्रेष्ठ होता है। शिव की भक्ति मंत्र जाप बिना दान के धार्मिक अनुष्ठान सफल नहीं होते हैं। शिव महापुराण पोथी पूजन आरती में प्रेम नारायण गुप्ता राजेंद्र त्रिवेदी घनश्याम सेठिया दिलीप चौबे ,एम एल परिहार, दिलीप दुबे, विजय जोशी, दिनेश लढ़ा, जगदीश माहेश्वरी, मुकेश पोरवाल, शांतिलाल पोरवाल, हरगोविंद दीवान, डॉक्टर अनिल सोनी, बीएल धनोतिया,आदि बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित थे। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।



कार्यक्रम की श्रृंखला में सुबह 8 से 8:30 बजे तक वेद पाठ, 9 से 10 बजे तक हवन ,दोपहर 1 से 3 बजे शिव पुराण कथा, 3 से 4:30 बजे तक 27हजार रुद्राक्ष शिवलिंग पूजन अभिषेक, सोमवार नागपंचमी, प्रदोष, हरियाली अमावस्या पर पार्थिव पूजन अभिषेक,सवालाख महामृत्युंजय मंत्र जाप, काल सर्प पूजन हवन शांति सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जा रहे हैं।

## सफाईकर्मी महिला को सांप ने 2 बार डसा, ड्यूटी के दौरान काम करते समय हुआ हादसा

**नीमच।** जिले में एक महिला सफाईकर्मी को सांप ने डस लिया। घटना सरवानिया महाराज नगर परिषद में गैस एजेंसी के सामने हुई। जनकपुर गांव की रहने वाली 35 वर्षीय सीता बाई पति अशोक कुमार सफाई कार्य कर रही थीं। सुबह के समय सफाई करते वक्त सांप ने उनके पैर पर दो जगह डस लिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। उन्होंने तत्काल सीता बाई को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वर्तमान में डॉक्टरों की टीम उनका इलाज कर रही है। चिकित्सकों के अनुसार सीता बाई की हालत फिलहाल स्थिर है.

**एक नजर** | **नीमच में एक दिवसीय कार्यक्रम दिव्य दर्शन व सत्संग रखा गया**

## सत्संग से शांति मिलती है, युवा पीढ़ी को सत्संग से जोड़ना चाहिए : लोकेशानंद महाराज

**नीमच। सत्संग करने से मन को शांति मिलती है जब हमारा मन इधर-उधर भटकता है तो हमें सत्संग करना चाहिए शिवनारायण में यह कहा गया है उक्त उद्गार अल्प प्रवास पर बंसीलाल धनोतिया कर सलाहकार 282 शिक्षक कॉलोनी नीमच पर परम पूज्य गुरुदेव लोकेशानद जी महाराज इंदौर द्वारा व्यक्त करते हुए कहा कि आज आप सभी के दर्शन करने का अवसर प्राप्त हुआ युवा पीढ़ी को सत्संग में आगे आना चाहिए हर व्यक्ति लक्ष्मी के पीछे भाग रहा है** सुबह शाम उसे लक्ष्मी ही दिखती है लक्ष्मी का भी अपने में अपना एक महत्व है दीपावली पर हम सब लक्ष्मी की पूजा करते है



पूज्य गुरुदेव श्री लोकेशानद जी महाराज का एकदिवसीय नीमच में कार्यक्रम दिव्य दर्शन एवं सत्संग रखा गया है। बंशीलाल धनोतिया करसलाकर के निवास स्थान 282 शिक्षक कॉलोनी पर प्रात 11:30 बजे दिनाक 14/7/2025 वार सोमवार को महाराज साहब का आगमन हुआ उसके पश्चात 1 घंटे का सत्संग का कार्यक्रम आयोजित किया गया इस अवसर पर गुरुदेव के साथ अमित चौधरी आलोट भी विशेष रूप से उपस्थित थे।

इस अवसर पर बंशीलाल धनोतिया मुकेश पोरवाल प्रकाश मंडवारिया शान्ति लाल गुप्ता मुकेश सहारिया दिनेश मंडवारिया प्रेमनारायण गुप्ता इंजीनियर सुरेश मादलिया कालूराम वेद अरविंद पोरवाल सुनील डबकरा राजेश पोरवाल सुनीता डबकरा सुमित्रा पोरवाल पार्षद ललीता मंडवारिया पूर्व पार्षद मीना धनोतिया सरिता पोरवाल चौकड़ी वाला अनामिका पोरवाल। धनश्याम सेठिया बालमुकुंद गुप्ता पियूष धनोतिया राजेश पोरवाल सहित अनेक समाज जन उपस्थित थे।



## एक बगिया मॉं के नाम के तहत अच्छे किस्म के पौधों का रोपण कराया जाए : कलेक्टर

- आगामी एक माह में 2000 निर्माण कार्य पूर्ण करवाएं-कलेक्टर
- कलेक्टर ने की पंचायत एवं ग्रामीण विकास के कार्यो की प्रगति की समीक्षा

**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा स्वीकृत, संचालित निर्माण कार्यो की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की और सभी निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करवाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अमन वैष्णव, जनपद सीईओ आरीफ खान, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी बी.एल.कतिजा सहित उपयंत्री, सहायक यंत्री व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।बैठक में कलेक्टर ने एक बगिया मॉं के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए, कि पौधारोपण के लिए अच्छी किस्म के फलदार पौधे उपलब्ध करवाए जाए। कलस्टर में पौधो का रोपण करवाए। उन्होने लक्ष्य अनुरूप पौधो का रोपण करवाने के निर्देश भी दिए।बैठक में पंचायतों के माध्यम से निर्माणाधीन कार्यो की प्रगति की समीक्षा में कलेक्टर ने निर्देश दिए,। अधूरे निर्माण कार्यो को यथा स्थिति में बंद करवाने तथा शेष निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करवाने और उनका कार्य पूर्णता-प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश दिए।

## श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना जिला नीमच की मनासा तहसील में हुई नई नियुक्तियां

**मनासा। श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना—राजपूत एकीकृत युवा संगठन के अंतर्गत नीमच जिले की मनासा तहसील में नवीन पदाधिकारियों की नियुक्तियां की गई।**

यह नियुक्तियां प्रदेश अध्यक्ष ठा.सा. शिवप्रताप सिंह चौहान, प्रदेश संगठन मंत्री जितेंद्र सिंह, जिला अध्यक्ष गजेंद्र सिंह चौहान तथा संभाग एवं जिला स्तरीय पदाधिकारियों के निर्देशानुसार की गई।तहसील अध्यक्ष नेपाल सिंह चंद्रावत के नेतृत्व में निम्न पदाधिकारियों की घोषणा की गई– रोहित सिंह सेमली आत्री – तहसील उपाध्यक्ष, कुशाल सिंह – तहसील महासचिव, जितेंद्र सिंह – तहसील सचिव, राजपाल सिंह



सेमली आत्री – नगर अध्यक्ष, नवीन नियुक्त पदाधिकारियों का कार्यकाल एक वर्ष का होगा। संगठन ने अपेक्षा जताई है कि सभी पदाधिकारी पद की गरिमा, अनुशासन और जिम्मेदारी को ध्यान में रखते हुए संगठन के कार्यों को मजबूती प्रदान करेंगे।